



# क्रिप्टो में दोगुना मुनाफे का झांसा देकर ठगे थे 55 लाख

- राज्य साइबर सेल ने ठग गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. अमेरिकी डिजिटल करेंसी में भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर 55 लाख रुपए ठगने वाले गिरोह के दो सदस्य को राज्य साइबर सेल ने पकड़ लिया है. आरोपी पीड़ित से नकद रकम लेकर यूएसडीटी खरीदवाते और बाद में ऑथेंटिकेशन लिंक भेजकर उसके ट्रस्ट वॉलेट से पूरी क्रिप्टोकरंसी उड़ा देते थे.**



साइबर सेल प्रभारी सव्यसाची सराफ ने बताया कि इंदौर में प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े हितैश प्रधान को हाल ही में एक बड़ी राशि मिली थी. वह इसी रकम से टोयोटा फॉर्च्यूनर खरीदने की प्लानिंग कर रहे थे, इसी दौरान मुर्तजा शैफी और ताहिर महूवाला नाम के दो युवकों ने उन्हें अमेरिकी क्रिप्टोकरंसी यूएसडीटी में निवेश कर राशि दोगुनी करने का झांसा दिया. भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने पहले उनसे नकद राशि ली और उसी नकद से पीड़ित के ट्रस्ट वॉलेट में करीब 65,000 यूएसडीटी ट्रांसफर कराए. जांच में सामने आया कि मुर्तजा नकद लेकर ताहिर के जरिए यूएसडीटी खरीदवाता था और दोनों अपने कमीशन काटकर ट्रांसफर की प्रक्रिया करवाते थे. बाद में आरोपियों ने पीड़ित को कॉइन ऑथेंटिकेटर नामक लिंक भेजकर टोकन की जांच करने के लिए कहा. जैसे ही पीड़ित ने लिंक खोला, उसके वॉलेट से पूरी क्रिप्टोकरंसी एक अन्य वॉलेट में ट्रांसफर कर दी गई. जिसमें उन्हें 55 लाख रुपए का नुकसान हुआ. शिकायत मिलने पर राज्य साइबर सेल इंदौर ने केस दर्ज कर एक टीम गठित की. तकनीकी विश्लेषण और पीड़ित द्वारा दिए दस्तावेजों के आधार पर दोनों आरोपियों का लोकेशन ट्रेस किया. इसके बाद 48 वर्षीय मुर्तजा शैफी निवासी खातीवाला टैंक तथा 22 वर्षीय ताहिर महूवाला निवासी राऊ को पकड़कर पूछताछ की गई.

### मोबाइल फोन सिम कार्ड जब्त

पूछताछ में दोनों ने नकद लेकर यूएसडीटी खरीदवाने और लिंक भेजकर वॉलेट खाली करने की बात स्वीकार की. आरोपियों के मोबाइल फोन, सिम कार्ड और व्हाट्सऐप चैट भी जब्त किए हैं. कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक राज्य साइबर सेल इंदौर और उप पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में निरीक्षक अंजू पटेल, सब उपनिरीक्षक रामप्रकाश बाजपेई, आर रमेश भिड़े, आर मोहित तोमर और आर नितिन सिसोदिया की भूमिका रही.



# तीन अंतरराज्यीय बदमाश धराए, चार पिस्टल जब्त

## हथियार तस्करी के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सक्रिय हथियार तस्करों के खिलाफ जोन-01 पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की. रात्रि गश्त के दौरान मिली सूचना पर घेराबंदी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया. जिनके बैग से चार देशी पिस्टल और दो मैगजीन बरामद हुई. आरोपी हरियाणा और दिल्ली के रहने वाले हैं और हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका के चलते उनसे पूछताछ की जा रही है.**

पुलिस उपायुक्त जोन-1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि एडीसीपी दिशेश अग्रवाल और एसीपी निधि सक्सेना के मार्गदर्शन में राऊ पुलिस देर रात गश्त रही थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राऊ गोल चौराहा क्षेत्र में कुछ युवक हथियार लेकर घूम रहे हैं. सूचना की पुष्टि होते ही थाना प्रभारी ने टीम के साथ एबी रोड स्थित पपाया ट्री होटल के पास घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही तीन संदिग्ध युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कड़ी होने से उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया. तलाशी में उनके पिट्ठू बैग से कपड़ों के बीच छुपाई गई चार अवैध देशी पिस्टल और दो मैगजीन मिली. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी हरियाणा और दिल्ली के रहने वाले हैं और प्रदेश में हथियार सप्लाई करने की फिराक में थे.

### नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश


आरोपियों में 23 वर्षीय सुमित निवासी बरवाला हिसार, 28 वर्षीय अमन निवासी बवाना दिल्ली के साथ 21 वर्षीय विक्रम निवासी हसनगढ़ हिसार को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. आरोपियों से पूछताछ में सप्लाई नेटवर्क, स्रोत और संभावित खरीदारों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस टीम इस कार्रवाई के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में भी जुट गई है.

# शहर में एमडी सप्लाई करने वाले दो तस्कर पकड़ाए

- क्राइम ब्रांच ने धार रोड इलाके से किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने धार रोड इलाके में दबिश देकर अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया. दोनों के कब्जे से 11.36 ग्राम एमडी बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई जा रही है.**









एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि में नशे के प्रसार पर रोक लगाने के लिए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच लगातार अवैध ड्रग्स नेटवर्क पर निगरानी रख रही है. जिसके तहत सिलिकॉन स्वास्तिक गेट नंबर-3, धार रोड क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक स्कूटी के साथ खड़े दिखाई दिए. पुलिस को देखते ही दोनों घबराए, जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया. तलाशी में दोनों के पास से 11.36 ग्राम एमडी मिली, जिसकी कीमत लगभग 1.20 लाख रुपए आंकी गई है. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी युवाओं को ऊंचे दाम पर बेचते थे. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जफर पिता मौजूद खान निवासी चंदननगर और शाहनवाज पिता रियाजुद्दीन निवासी चंदननगर, इंदौर के रूप में हुई है. दोनों के एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर टीम अब सप्लाई चैन के अन्य सदस्यों का पता लगाने में जुटी है.

# कार वाशिंग सेंटर पर करंट से नाबालिग कर्मचारी की मौत

**इंदौर. हीरानगर इलाके में कार वॉश सेंटर पर काम कर रहे नाबालिग की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच पूरी कर सेंटर मालिक पर लापरवाही का केस दर्ज किया है.**

घटना 2 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे यूएस कार वॉशिंग सेंटर, कनकेश्वरी मैदान, हीरानगर में हुई थी. पुलिस के अनुसार मृतक भोला, पिता लखन बोरियाले, निवासी नंदानगर, सेंटर पर गाड़ी धो रहा था. इस दौरान पानी का पाइप ऊपर ले जाने पर वह ऊपर से गुजरे बिजली के तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट लगा और मौके पर ही मौत हो गई. मामले की मर्ग जांच के दौरान पुलिस को पता लगा कि सेंटर मालिक उत्तम, पिता नारायण सिंह ठाकुर, निवासी सुंदर नगर मेन गौरीनगर, नाबालिग से बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करवा रहा था. वहीं बिजली के खुले तारों के बावजूद आवश्यक सुरक्षा उपाय भी नहीं किए गए थे. जांच के आधार पर पुलिस ने सेंटर संचालक के खिलाफ लापरवाही से मृत्यु का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### पेट में चाकू मारकर दो आरोपी फरार

इंदौर. बाणगंगा इलाके में रेलवे पार्किंग के पास दो बदमाशों ने मजदूर युवक पर उस समय हमला कर दिया, जब उसने उन्हें बेवजह गाली-गलौज करने से रोक दिया. विवाद बढ़ा तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए युवक के पेट में चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना सोमवार रात करीब 9 बजे की है. पुलिस के अनुसार घायल गोलू कश्यप रेलवे पार्किंग क्षेत्र में खड़ा था, तभी भूरा उर्फ अर्जुन चौधरी और सन्नी चौधरी, निवासी नई बस्ती भागीरथपुरा, वहाँ आए और बिना किसी वजह गालियाँ देने लगे. गोलू के विरोध करने पर दोनों भड़क गए और उसे धमकाते हुए मारपीट शुरू कर दी. हंगामे के दौरान अर्जुन ने गोलू को पकड़ लिया और सन्नी ने उसके पेट में चाकू मार दिया. हमले के बाद घायल गोलू जमीन पर गिर पड़ा. शोर सुनकर लोग पास आए तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए. घायल को अस्पताल पहुँचाया गया है, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है. बाणगंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### कमरा खाली करने की बात पर युवती से की मारपीट

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के होल्कर अपार्टमेंट में किराये के कमरे को लेकर हुए विवाद में एक युवती से मारपीट का मामला दर्ज हुआ है. पुलिस ने बताया कि जोगीपुर, सीधी निवासी खुशीसिंह चौहान वर्तमान में गुरु अमरदास हाल के पास स्थित होल्कर अपार्टमेंट में अपनी तीन सहेलियों विभा बागरी, रुचि गुप्ता और प्राची गुप्ता के साथ रहती हैं, जिस 402 कमरे में वे रह रही थीं, वह रोशल जायसवाल के नाम पर था. शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कमरे का किराया एडवांस 15 हजार रुपये दिसंबर 2025 तक दिया था. युवतियों ने कमरा जनवरी से खाली करने की बात कही तो इस पर रोशल, उसकी मां संदीपा और बहन ऐश्वरिया ने सभी को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया. विरोध करने पर रोशल ने खुशीसिंह से थप्पड़, मुक्कों और लातों से मारपीट की, जिससे उसे बाएं पैर के घुटने के ऊपर तथा दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट आई. पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है.

### नो एंट्री में घुसे 20 ट्रकों पर कार्रवाई, 95 हजार जुर्माना





इंदौर. नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर लगातार कार्रवाई कर रही है. 5 दिसंबर की सुबह से 6 दिसंबर की सुबह तक चले अभियान में 20 भारी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई. इनसे 95,000 जुर्माना वसूल किया है.

### चाय मांगने पर विवाद, युवक पर धारदार वस्तु से वार

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में चाय को लेकर हुए छोटे से विवाद ने गंभीर रूप ले लिया. पुलिस ने बताया कि सोमनाथ की जूनी चाल निवासी राजा पाठक काम खत्म कर घर लौट रहे थे. स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने स्थित चाय की दुकान पर उन्होंने धीरज से चाय मांगी. इसी दौरान वहां मौजूद मारुती उनकी बात पर मजाक उड़ाने लगा. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने समझाया कि मजाक अपनी उम्र के लोगों से किया करे, इस पर मारुती आक्रामक हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी. मना करने पर उसने जेब से रुमाल में लिपटी एक अज्ञात वस्तु निकाली और राजा की बायीं कमर पर हमला कर दिया. घटना के बाद पीड़ित ने तुकोगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मारुती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

### पुराने विवाद में दो युवकों पर हमला, सिर फोड़ा

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर दो युवकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया. घटना देर रात एमआर-10 सर्विस रोड स्थित बग्गा चाय दुकान के सामने हुई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 19 वर्षीय आर्यन जाट अपने 22 वर्षीय साथी हर्ष यादव के साथ वहां मौजूद था, तभी 18 वर्षीय सत्यम सिंह राठौर अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा. सत्यम ने पहले पुराने विवाद को लेकर आर्यन को गाली-गलौज की. मना करने पर उसने हाथ में पहने कड़े से आर्यन के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा. बीच-बचाव करने आए हर्ष यादव पर भी सत्यम ने कड़े से हमला किया, जिसमें वह भी घायल हो गया. पुलिस ने दोनों घायलों का बयान दर्ज कर सत्यम और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की.

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

इंदौर. राऊ से लौट रहे एक बाइक सवार की नावदा पंथ के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. मृतक की पहचान रवि पिता देवकरण निवासी नैनोद, गांधी नगर के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार रवि मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि रवि की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है.

## ई-रिक्शा की टक्कर से बुजुर्ग घायल

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाए गए ई-रिक्शे ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई हैं. पुलिस के मुताबिक नंदा नगर के रहने वाले 75 वर्षीय शिवाजी लोखड़े गुरुवार दोपहर एग्ज मर्चेंट की दुकान के सामने सड़क पार कर रहे थे. इसी दौरान ई-रिक्शा नम्बर एमपी 09 डीयू 9791 का चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और उन्हें सीधी टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही शिवाजी सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर व शरीर में अंदरूनी चोटें आईं. परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और ई-रिक्शा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

# बुजुर्ग महिला से चेन लूटने वाले तीन लुटेरे पकड़ाए

- राजेंद्र नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार
- सोने की चेन व हथियार बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र में पूजा के लिए मंदिर जा रही 65 वर्षीय महिला को धक्का देकर उसकी सोने की चेन लूटने वाली गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**







घटना 24 नवंबर को स्कीम नंबर 103 स्थित मंगल बेल्ट पानी की टंकी के पास हुई थी. तीन बदमाश नीले रंग की स्कूटी नम्बर एमपी 09 एव्हाय 3778 से आए और कंचन पाटीदार को गिराकर गले से 23 ग्राम की सोने की चेन छीनकर फरार हो गए थे. चेन की कीमत करीब ढाई लाख बताई गई है. थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की. 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को स्कूटी की लोकेशन दत्त मंदिर क्षेत्र में मिली. टीम के पहुंचते ही आरोपी स्कूटी सहित भागने लगे, लेकिन पीछा करते हुए पुलिस ने उन्हें डी-मार्ट चौराहा, रेती मंडी के अंधेरे क्षेत्र में पकड़ लिया. भागने के दौरान स्कूटी स्लिप होने से तीनों युवक घायल भी हुए. गिरफ्तार आरोपियों में 18 वर्षीय प्रेम शिंदे, 19 वर्षीय आकाश परिहार और 18 वर्षीय रियान शाह शामिल हैं.

### अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ

पूछताछ में उन्होंने वारदात कबूल की और बताया कि घटना के समय उनके पास एक चाकू भी था. उनकी निशानदेही पर स्कूटी की डिग्गी में छुपाई गई सोने की चेन और चाकू बरामद की है. पुलिस अब उनसे अन्य वारदातों को लेकर भी पूछताछ कर रही है.

# डॉलर मार्केट से मोबाइल चोरी करने वाले पकड़ाए

- एमजी रोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर. एमजी रोड पुलिस ने डॉलर मार्केट में दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 5 लाख के 16 मोबाइल फोन बरामद किए हैं. फरियादी द्वारा चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपियों तक पहुंच बनाई.**



घटना 3 दिसंबर की हैं, फरियादी ने दुकान से मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. शिकायत के बाद थाना प्रभारी विजय सिसोदिया के निर्देशन में टीम गठित की गई. टीम ने घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर दबिश दी गई और उनके कब्जे से 16 चोरी किए गए मोबाइल बरामद कर लिए. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे अन्य मामलों में भी पुछताछ कर रही है.

# कर्ज के दबाव में युवक ने की थी आत्महत्या : किरण यादव पर केस दर्ज

- मोबाइल रिकॉर्डिंग में मिले धमकाने परेशान करने के सबूत
- 50 हजार के बदले 5 .50 लाख वसूली का दबाव

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. राजमहल कॉलोनी में 25 अक्टूबर को फंदे पर लटके मिले 25 वर्षीय ऋतिक फुलगर की मौत के मामले में करीब डेढ़ महीने बाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और सूदखोरी में कर्ज वसूली के दबाव की पुष्टि करते हुए कर्जदाता किरण यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. मर्ग जांच के दौरान मोबाइल डेटा, वॉइस रिकॉर्डिंग और संदेशों में सामने आए सबूतों ने जांच का रुख बदल दिया. पुलिस ने किरण यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

घटना वाले दिन निर्माणाधीन मकान नंबर 40 में चौकीदार ने ऋतिक का शव देखा था. हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह पर कपड़ा बंधा था. पुलिस ने मौके की जांच, पंचनामा और पोस्टमॉर्टम कराया. पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण एंटी मॉर्टम हैंगिंग से हुई एस्फिक्सिया बताया था. वहीं जांच के दौरान मृतक की जेब से मिले मोबाइल ने पूरे मामले की दिशा तय कर दी. परिजनों पत्नी संगीता, पिता मनीराम, मां अनीता और भाइयों के बयान के साथ मोबाइल में मौजूद रिकॉर्डिंग व मैसेजेस से पता चला कि ऋतिक ने आरोपी किरण यादव से 50 हजार रुपए 15 प्रतिशत ब्याज पर उधार लिए थे.

**रकम लौटाने का बना रहा था दबाव**-किरण यादव के बयान, मोबाइल में मिले संदेश और अन्य डिजिटल साक्ष्यों से पुष्टि हुई कि वह ऋतिक पर रकम लौटाने के लिए अत्यधिक दबाव बना रहा था. थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि यही तनाव अंततः आत्महत्या की वजह बना. मामले में जूनी इंदौर थाना पुलिस ने शनिवार दोपहर रिपोर्ट के आधार पर आरोपी किरण यादव निवासी बीजलपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

## एक नजर में

### रिश्तों के दबाव और विवादों की नई परतें खुलीं

# पुलिस कॉन्स्टेबल प्रिया यादव सुसाइड मामला : परिजन इंदौर पहुंचे, थाने में दिए बयान

**इंदौर. तीन दिन पहले हुई कॉन्स्टेबल प्रिया यादव की संदिग्ध आत्महत्या के बाद उनके परिजन शनिवार सुबह इंदौर पहुंचे. एरोड्रम थाने में करीब नौ बजे मां, भाई और मामा के बेटे मनीष ने पुलिस टीम से चर्चा की. परिवार के बयान सामने आते ही प्रिया की निजी जिंदगी और रिश्तों में चल रहे तनाव की नई बातें उजागर हो रही हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब पूरे प्रकरण को नए सिरे से खंगालने की तैयारी में है.**



प्रिया के परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रिया ने कुछ समय पहले सहकर्मी कवींद्र से नजदीकियों और भविष्य को लेकर बातचीत की थी. कवींद्र पहले छत्रीपुरा थाने और बाद में ट्रैफिक में पदस्थ रहा. हमें बताया गया था कि दोनों काम के दौरान मिले और धीरे-धीरे उनका संपर्क बढ़ा, लेकिन हमें यह जानकारी नहीं थी कि दोनों एक ही कमरे में रहते थे. परिजन का कहना है कि प्रिया शादी को लेकर गंभीर थीं, जबकि कवींद्र इसके लिए तैयार नहीं दिखा. कवींद्र के परिवार ने भी इस रिश्ते पर स्पष्ट सहमति नहीं दी थी. परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि प्रिया की पहली शादी 2014 में गांव के युवक अमित कुमार से हुई थी. सामाजिक दबाव और अलग समाज से होने के कारण प्रिया के मायके वालों ने उस समय नाता तोड़ लिया था. 2021 में अमित की मौत के बाद परिवार ने पुनः संपर्क शुरू किया. 2023 की शुरुआत में प्रिया को पति की अनुकंपा नियुक्ति मिली और ट्रेनिंग के बाद उनकी पोस्टिंग इंदौर में हुई. वर्तमान में वह शुभम पैलेस कॉलोनी में किराए से रह रही थीं. परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं, जिनमें से एक बहन का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका है.

### विवाद की वजह जानने की कोशिश

पुलिस अब यह समझने की कोशिश कर रही है कि घटना की रात प्रिया और कवींद्र के बीच क्या बातचीत या विवाद हुआ था. थाने के अधिकारी परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद मोबाइल, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य परिस्थितियों को आधार बनाकर जांच आगे बढ़ा रहे हैं. प्राथमिक तौर पर यह आत्महत्या है, लेकिन इसकी वजह संबंधों में तनाव, किसी प्रकार का दबाव या कोई अन्य कारण रहा यह अब आगे की जांच से साफ होगा.

## रेती मंडी चौराहे पर युवक को पीटा

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवक से गाड़ी की कीमत पूछने के विवाद में मारपीट का मामला दर्ज हुआ है. फरियादी शरद माखीजा ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर की रात व्हाट्सऐप पर एक आल्टो कार एमपी 09 सीएस 1194 की फोटो भेजकर उसकी कीमत पूछी थी. उन्होंने कार की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई थी. इसी बात को लेकर अगले दिन सुबह 9.15 बजे उसे रेती मंडी चौराहा, डीमार्ट के पास सुलभ कॉम्प्लेक्स पर मिलने के लिए बुलाया. यहां अंकित शिवहरे और उसका साथी शनि सरदार मिले. दोनों ने कीमत को लेकर अपशब्द कहे. विरोध करने पर अंकित ने शरद को थप्पड़ और मुक्कों से पीटा, जबकि शनि ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया.